भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

निदेशक की कलम से

भा.वा.अ.शि.प.- वर्षा वन अनुसंधान संस्थान (भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं.) भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद् (भा.वा.अ.शि.प.) के नौ अनुसंधान संस्थानों में से एक है जो पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय और राष्ट्रीय वानिकी अनुसंधान प्रणाली में प्रमुख अनुसंधान संगठन है।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. ने 1976 में एफआरआई और उसके कॉलेजों, देहरादून के अनुसंधान केंद्र के रूप में अपनी यात्रा शुरू की, जो उत्तर-पूर्वी (एनई) क्षेत्र की वनस्पतियों और जीवों के दस्तावेजीकरण के लिए राज्य वन सेवा कॉलेज, बर्नीहाट से संलग्न था। केंद्र को एक संस्थान में अपग्रेड किया गया और वर्ष 1988 में **वर्षा और नम पर्णपाती वन अनुसंधान संस्थान (आईआरएमडीएफआर)** के रूप में जोरहाट में स्थानांतरित कर दिया गया। वर्ष 2002 में संस्थान का नाम बदलकर **वर्षा वन अनुसंधान संस्थान** कर दिया गया।

संस्थान ने अपने दो केंद्रों - **भा.वा.अ.शि.प.- बाँस और रतन केंद्र (भा.वा.अ.शि.प.- बां.बें.कें.) आइजॉल और भा.वा.अ.शि.प.- आजीविका विस्तार केंद्र (भा.वा.अ.शि.प.- आ. वि. कें.) अगरतला** के साथ मिलकर वानिकी और पारिस्थितिकी से संबंधित मुद्दों पर अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार के माध्यम से ज्ञान प्रदान करने, और और उत्तर-पूर्वी राज्यों में वानिकी अनुसंधान को सहयोग करने हेतु एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्वयं को स्थापित किया है।

यह संस्थान सिक्किम सहित सभी पूर्वोत्तर राज्यों में वानिकी संसाधनों और प्रौद्योगिकी विस्तार के क्षेत्र में अभिनव सेवा प्रदान करते हुए एक प्रतिष्ठित संस्थान के रूप में विकसित हुआ है। अपेक्षाकृत अज्ञात क्षेत्र में जैव विविधता के दस्तावेज़ीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है, विशेषकर निम्न समूह के पौधों और मृदा के सूक्ष्मजीवों के संबंध में। चूंकि यह क्षेत्र 90 से अधिक प्रजातियों के साथ बाँस की विविधता से समृद्ध है और कई बाँस प्रजातियों की उत्पत्ति का केंद्र भी है, अतः संस्थान अपने अधिकांश संसाधनों को बड़े पैमाने पर बाँस उत्पादन और वितरण के लिए उच्च उपज देने के लिए एवं तेजी से बढ़ने वाले गुच्छों के चयन, बाँस से संबंधित कीटों एवं बीमारियों पर अध्ययन तथा विभिन्न मूल्यवर्धन गतिविधियों के लिए कार्य कर रहा है। चूंकि यह क्षेत्र दुनिया के सबसे महंगे वन उत्पाद अगरवुड की मूल वितरण क्षेत्र भी है, इसलिए अगरवुड की आनुवंशिक विविधता, अगर राल के उत्पादन के लिए इसके कृत्रिम टीकाकरण आदि पर काफी शोध किया गया है। संस्थान की बहु-विषयक वैज्ञानिक क्षमता वन विज्ञान में आवश्यकता आधारित तकनीकी उपलब्धियाँ प्रदान करती है, जिससे वन संसाधनों के संरक्षण, सुरक्षा, पुनर्स्थापन और प्रबंधन की दिशा में मदद मिलती है। विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं के तहत विकसित परीक्षण प्रौद्योगिकियों को राज्यों में डेमो विलेज और वन विज्ञान केंद्रों (वीवीके) के तहत क्षेत्रीय क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से हितधारकों को हस्तांतरित किया जाता है।

मुझे इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपको संबोधित करते हुए हर्ष हो रहा है क्योंकि हम भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका के उद्घाटन अंक का अनावरण कर रहे हैं जो सभी हितधारकों के साथ हमारे अनुसंधान, उपलब्धियों और अंतर्दृष्टि को साझा करने की हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। पहला अंक अक्टूबर-दिसंबर, 2023 के दौरान भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं., जोरहाट की विभिन्न गतिविधियों को प्रदर्शित करता है।

जैसे ही हम संचार और सहयोग की इस रोमांचक यात्रा पर आगे बढ़ रहे हैं, मैं उन सभी के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं जिन्होंने इस न्यूज़लेटर के निर्माण में योगदान दिया है। उनका समर्पण और सहयोग इस मंच को सूचना और प्रेरणा के लिए एक मूल्यवान संसाधन बनाने में सहायक रहा है।

मुझे विश्वास है कि व.व.अ.सं. न्यूज़लैटर संस्थागत अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों पर जानकारी के एक स्रोत के रूप में काम करेगा और वानिकी अनुसंधान से संबंधित शोधकर्ताओं, हितधारकों और नीति नियोजकों के लिए सहायक होगा। मैं आप सभी को

(डॉ. नितिन कुलकर्णी)
निदेशक, भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं., जोरहाट

अनुक्रमणिका

1. निदेशक की कलम से P. 1
2. महत्वपूर्ण अनुसंधान उपलब्धियाँ/ निष्कर्ष P. 2-3
3. कार्यशाला/संगोष्ठी/बैठक/प्रशिक्षण P. 4-5
4. प्रशिक्षण कार्यक्रम P. 6-7
5. जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम P. 8-10
6. समझौता ज्ञापन (एमओयू) P. 11
7. कार्यशालाओं/संगोष्ठियों/बैठकों में सहभागिता P. 12-15
8. वृक्ष उत्पादक मेला /किसान मेला P. 16
9. गणमान्य व्यक्तियों/अतिथियों का दौरा P. 17-19
10. विशेष दिवस समारोह P. 20-22
11. सांस्कृतिक कार्यक्रम P. 23
12. मिशन लाइफ के अंतर्गत स्वच्छता अभियान 3.0 P. 24
13. नूतन प्रकाशन P. 25
14. समाचार में भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. P. 26-28
15. मानव संसाधन समाचार P. 29
16. भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. का मुफ्त प्रकाशन P. 30-31
17. भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. का मूल्य प्रकाशन P. 32
18. भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. में विक्रय हेतु उपलब्ध पौधा नवोद्भिद P. 33-34
19. भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. में उपलब्ध बुनियादी ढाँचा और सुविधाएँ P. 35-43

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

महत्वपूर्ण अनुसंधान उपलब्धियाँ

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं., जोरहाट ने भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं., जोरहाट परिसर से **गैलिएला रूफा** नामक एक मैक्रो कवक (फंगस) की खोज की जो असम राज्य के लिए एक नया वितरण रिकॉर्ड है।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं, जोरहाट द्वारा **एक्विलारिया मैलाकेंसिस** में स्टंप का उपयोग करके प्रवर्धन तकनीक का इष्टमीकरण किया गया।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

महत्वपूर्ण अनुसंधान उपलब्धियाँ

दिहिंग पटकाई राष्ट्रीय उद्यान (एनपी) से 183 काष्ठ पौधों की प्रजातियों (163 पेड़ और 20 झाड़ियाँ) की गणना की गई, जो 122 जेनरा और 58 परिवारों का प्रतिनिधित्व करती हैं।

दिहिंग पटकाई राष्ट्रीय उद्यान (एनपी) से मैक्रोफंगी की कुल 159 प्रजातियों की गणना की गई है, जो 81 जेनरा, 43 परिवारों, 14 ऑर्डर, 5 वर्गों और 2 फ़ाइला का प्रतिनिधित्व करती हैं।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

कार्यशाला/संगोष्ठी /बैठक/प्रशिक्षण में सहभागिता

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 6 अक्टूबर, 2023 को हाइब्रिड मोड में 'उत्तर पूर्व के विकास और लोगों के अधिकार पर एफसीए संशोधनों के प्रभाव' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया है। इसका उद्घाटन असम के श्री कामाख्या प्रसाद तासा, माननीय संसद सदस्य (राज्यसभा) द्वारा किया गया। श्रीमती कंचन देवी, आईएफएस, डीडीजी, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून से कार्यशाला में वर्चुअली शामिल हुईं। उन्होंने उद्घाटन सत्र को संबोधित किया और कार्बन-तटस्थता आदि के संबंध में वन-संरक्षण पर भारत सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान कुल चार प्रस्तुतियाँ दी गईं- 1. श्रीमती इम्तियानला आओ, आईएफएस, डीडीजी, आर.ओ. शिलांग, एमओईएफसीसी; 2. श्री डब्ल्यू.आई. यतबोन, आईएफएस, डीआइजी, आर.ओ. शिलांग, एमओईएफसीसी 3. डॉ. अभिनंदन सैकिया, सहायक प्रोफेसर, टीआईएसएस, गुवाहाटी 4. श्री के.बी. सिंह, आईएफएस, एडिशनल(अपर) पीसीसीएफ, पर्यावरण और वन विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर द्वारा एफ.सी.ए. संशोधन-2023 के विभिन्न पहलुओं और पूर्वोत्तर राज्यों और लोगों के अधिकारों पर इसके प्रभाव विषय पर व्याख्यान दिया गया।



भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट, असम ने दिनांक 7 अक्टूबर, 2023 को नागालैंड के जलुकी में इंटांकी राष्ट्रीय उद्यान, नागालैंड में पर्यावरणीय पर्यटन व्यवहार्यता अध्ययन पर एक दिवसीय हितधारक परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में वन विभाग, गैर-सरकारी संगठनों, ग्राम परिषद्, शिक्षाविदों आदि का प्रतिनिधित्व करने वाले कुल 42 सहभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन डॉ. ध्रुबज्योति दास, वैज्ञानिक-एफ एवं प्रमुख, वन पारिस्थितिकी एवं जलवायु परिवर्तन प्रभाग तथा परियोजना अन्वेषक डॉ. ताजुम दोनी, वैज्ञानिक-बी की एक टीम द्वारा "पर्यटन, आजीविका सुधार और जैव-विविधता संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु इंटांकी राष्ट्रीय उद्यान में पर्यावरणीय-पर्यटन व्यवहार्यता अध्ययन" नामक परामर्शी परियोजना के एक घटक के रूप में किया गया था।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

कार्यशाला/संगोष्ठी /बैठक/प्रशिक्षण में सहभागिता

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने डॉ. नितिन कुलकर्णी, निदेशक की अध्यक्षता में हाइब्रिड मोड में दिनांक 17 अक्टूबर, 2023 को पच्चीसवीं अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक आयोजित की। बैठक में संस्थान के वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया और अन्य सम्मानित सदस्य वर्चुअल रूप जुड़े। तीन नई अनुसंधान परियोजनाएं प्रस्तुत करके उन पर चर्चा की गई तथा साथ ही वर्तमान में क्रियान्वित परियोजनाओं पर भी चर्चा की गई।



भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट (असम) ने भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के लिए दिनांक 27 नवंबर से 1 दिसंबर, 2023 तक 'समुदायों की आजीविका संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए बाँस संसाधन विकास' पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। यह प्रशिक्षण पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित था। प्रशिक्षण में भारत के 14 अलग-अलग राज्यों से 19 वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. जी. नरहरि शास्त्री, निदेशक, सीएसआईआर-एनईआईएसटी, जोरहाट (असम) द्वारा किया गया। डॉ. नितिन कुलकर्णी, निदेशक, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने सभी प्रतिष्ठित प्रतिभागियों, मेहमानों और सहभागियों का स्वागत किया और उन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराया। उन्होंने भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. द्वारा संचालित विभिन्न बाँस अनुसंधान और विकास गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका
खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

प्रशिक्षण कार्यक्रम

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने जे.बी. कॉलेज, जोरहाट के वनस्पति विज्ञान विभाग के 35 विज्ञान स्नातक छात्रों के लिए दिनांक 1 से 5 नवंबर, 2023 तक पाँच दिवसीय "जैव उर्वरक उत्पादन पर कौशल विकास प्रशिक्षण" का आयोजन किया। डॉ. नितिन कुलकर्णी, निदेशक, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. ने कॉलेज के छात्रों और संकाय सदस्यों का स्वागत किया और सहभागियों को विषय से संबंधित विभिन्न कौशल हासिल करने के लिए प्रोत्साहित व आग्रह किया। इस अवसर पर जे.बी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उत्पल ज्योति महंत ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. प्रशांत हजारिका, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. द्वारा किया गया।

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 6 नवंबर, 2023 को मालापिंडी गांव, माजुली, असम में "बाँस नर्सरी प्रबंधन के विशेष संदर्भ में नर्सरी प्रबंधन" पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण का आयोजन अयांग ट्रस्ट, माजुली द्वारा किया गया था। यह नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित ट्रस्ट की वर्तमान में क्रियान्वित जनजातीय विकास परियोजना का एक घटक है। कार्यक्रम में लगभग 30 ग्रामीणों ने भाग लिया।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

प्रशिक्षण कार्यक्रम

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 20 नवंबर, 2023 को "बाँस और अन्य वन आधारित आजीविका के अवसर" पर एक्सपोजर विजिट सह प्रशिक्षण का आयोजन किया। इस संस्थान के वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने बाँस चारकोल बनाने और बाँस संरक्षण और अन्य वन आधारित आजीविका विकल्पों पर प्रस्तुति दी जिसमें माजुली के 12 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

भा.वा.अ.शि.प.-आजीविका विस्तार केंद्र, अगरतला ने नाबार्ड, त्रिपुरा द्वारा प्रायोजित बाँस प्ररोह प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन पर 14 से 16 दिसंबर, 2023 तक तीन दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया। उद्घाटन सत्र में श्री दिगंत कुमार दास, उप महाप्रबंधक, नाबार्ड, त्रिपुरा; श्री प्रदीप बोरोन रॉय, अध्यक्ष, ऑल त्रिपुरा फार्मर्स क्लब; श्री सोमजीत भार, सहायक प्रबंधक, नाबार्ड, त्रिपुरा; श्री आर. के. कलिता, वैज्ञानिक-एफ; श्री अजय देबबर्मा, वैज्ञानिक-बी और श्री निरेन दास, एसीटीओ ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण गुवाहाटी अवस्थित उद्यमी श्री प्रांजल कुमार गोस्वामी द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में त्रिपुरा के विभिन्न जिलों से 25 प्रशिक्षु सहभागियों ने भाग लिया।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट बाँस की खेती, प्रवर्धन , नर्सरी प्रबंधन, मूल्यवर्धन और बाँस संरक्षण तकनीक, जैव-प्रौद्योगिकी और ऊतक सम्वर्धन, वन्य खाद्य मशरूम की पहचान, लाख की खेती और वर्मीकम्पोस्टिंग, अगर वृक्षारोपण आदि की अनुसंधान और विकास गतिविधियों का प्रदर्शन दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 को श्रीकिशन सारदा कॉलेज, हैलाकांडी के वनस्पति विज्ञान (ऑनर्स) के 29 छात्रों के समक्ष किया गया।

डॉ. आर. के. बोरा, वैज्ञानिक-जी, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. ने दिनांक 10 नवंबर, 2023 को काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में एक निदर्शन सह जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया और वन सीमांत समुदायों की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाले अद्भुत वृक्ष सासी पर व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया।

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट के डॉ. राजीब कुमार बोरा, वैज्ञानिक-जी ने अगर उत्पादन के लिए सासी के वृक्षों की खेती और विपणन के लिए लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने हेतु दिनांक 10 नवंबर, 2023 को बोकाघाट के बरपेटा गांव में आयोजित एक विशेष जागरूकता बैठक में भाग लिया। बैठक काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान प्राधिकरण की पहल के अंतर्गत और भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट के सहयोग से आयोजित की गई थी। बैठक में प्रख्यात पर्यावरण कार्यकर्ता व पत्रकार श्री उत्तम सैकिया और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) की निदेशक डॉ. सोनाली घोष ने भाग लिया। बैठक में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) की निदेशक डॉ. सोनाली घोष ने सासी के पेड़ लगाने में उनकी रुचि के लिए बरपेटा गांव के लोगों को धन्यवाद दिया और इस संबंध में हर तरह का सहयोग देने का वादा किया। बैठक में विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. के डॉ. राजीब कुमार बोरा, वैज्ञानिक-जी ने सासी के पेड़ लगाने, अगर की खेती की तकनीक के साथ-साथ विपणन का प्रशिक्षण दिया।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम

भारतीय वन अधिकारी प्रशिक्षुओं ने दिनांक 28 नवंबर, 2023 को काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) के अधिकारियों के साथ परस्पर वार्तालाप की। श्री अरुण विग्नेस, आईएफएस, डीएफओ, काजीरंगा नेशनल पार्क (के.एन.पी.) ने पार्क के विभिन्न पहलुओं पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें बाढ़ प्रबंधन, अवैध शिकार रोकथाम उपाय, पर्यावरणीय पर्यटन आदि विषय रहे।

भारतीय वन अधिकारी प्रशिक्षुओं ने दिनांक 30 नवंबर, 2023 को एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत दुनिया के सबसे बड़े नदी द्वीप, माजुली का दौरा किया, जो वैष्णव संस्कृति का केंद्र भी है। उन्होंने माजुली के सबसे पुराने सत्रों में से एक, आउनी-आटी सत्र का दौरा किया।

राजाबहार हाई स्कूल, जोरहाट के शिक्षकों के साथ 65 छात्रों ने दिनांक 1 दिसंबर, 2023 को भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट (असम) का दौरा किया। उन्होंने नर्सरी, बम्बुसेटम, ऊतक सम्वर्धन प्रयोगशाला, बम्बू कम्पोजिट सेंटर, बम्बू ट्रीटमेंट यूनिट और बॉटनिकल गार्डन का दौरा किया।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम

बाँस विशेषज्ञ डॉ. पुंडरीकक्षुदु तेताली ने दिनांक 22 दिसंबर, 2023 को भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. के बम्बूसेटम का दौरा किया। डॉ. सत्यम बरदलै, वैज्ञानिक-ई, प्रमुख, आनुवंशिकी एवं वृक्ष सुधार प्रभाग ने उन्हें भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. में संचालित बाँस से संबंधित विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों से अवगत कराया।

लक्ष्मी यूनियन हाई स्कूल, जोरहाट (असम) के छात्रों और शिक्षकों ने दिनांक 26 दिसंबर, 2023 को भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया। उन्होंने नर्सरी, बम्बूसेटम, बम्बू कम्पोजिट सेंटर आदि का दौरा किया।

भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (आई.आई.एफ.एम.), भोपाल के 09 स्नातकोत्तर छात्रों ने दिनांक 26 दिसंबर, 2023 को भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया। श्री राजीब कुमार कलिता, वैज्ञानिक-एफ एवं प्रमुख, विस्तार प्रभाग, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने संस्थान की अनुसंधान और विकास गतिविधियों पर एक प्रस्तुति दी। इसके बाद वानिकी के विभिन्न पहलुओं पर प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने हेतु क्षेत्र का दौरा किया गया।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

समझौता ज्ञापन (एमओयू)

भा.वा.अ.शि.प.-आजीविका विस्तार केंद्र (भा.वा.अ.शि.प.- आ.वि.कें.), अगरतला ने त्रिपुरा के लोगों के लिए बाँस प्ररोह प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन पर कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए दिनांक 13 अक्टूबर, 2023 को महाप्रबंधक, नाबार्ड, अगरतला के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट, असम ने दिनांक 03 नवंबर, 2023 को सिबसागर गर्ल्स कॉलेज, शिवसागर, असम के वनस्पति विज्ञान विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन पर भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी और वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रमुख श्रीमती निबेदिता बरुआ ने वैज्ञानिकों, अधिकारियों, संकाय सदस्यों और छात्रों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

महान उद्धरण

"पर्यावरण और अर्थव्यवस्था वास्तव में एक सिक्के के दो पहलू हैं। यदि हम पर्यावरण को कायम नहीं रख सकते, तो हम खुद को कायम नहीं रख सकते।''

-वांगारी मथाई

"अगर हम सही ढंग से विचार करें तो चीजों की वास्तविक प्रकृति में, हर हरा पेड़ सोने और चांदी से बना होने की तुलना में कहीं अधिक गौरवशाली है"।

- मार्टिन लूथर

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

कार्यशालाओं/संगोष्ठियों/बैठकों में भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. की ओर से सहभागिता

डॉ. नितिन कुलकर्णी, निदेशक, भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट ने दिनांक 28 नवंबर, 2023 को एथनोफार्माकोलॉजी फॉर बायोइकोनॉमी: न्यू पैराडिग्म पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया। इसका आयोजन सीएसआईआर-एनईआईएसटी द्वारा दिनांक 28 से 30 नवंबर, 2023 के दौरान जोरहाट, असम में किया गया था।

डॉ. पी.एस. श्रीकांत, वैज्ञानिक-बी, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 28 नवंबर, 2023 को एथनोफार्माकोलॉजी फॉर बायोइकोनॉमी: न्यू पैराडिग्म पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया। इसका आयोजन सीएसआईआर-एनईआईएसटी द्वारा दिनांक 28 से 30 नवंबर, 2023 के दौरान असम के जोरहाट में किया गया था। उन्होंने "पूर्वोत्तर भारत की विभिन्न आबादी से हाइडनोकार्पस कुर्ज़ी की फैटी ऑयल संरचना: एक प्रारंभिक अध्ययन" पर एक मौखिक प्रस्तुति भी दी।

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 2 दिसंबर, 2023 से 3 दिसंबर, 2023 तक तिंगखोंग, डिब्रूगढ़ में असम दिवस में भाग लिया। श्री आर. के. कलिता, वैज्ञानिक-एफ; डॉ. प्रसून कर्माकर, वैज्ञानिक-बी; श्री कुमुद बोरा, एसटीओ और श्री राजर्षि भट्टाचार्य, एसटीओ ने भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. का प्रतिनिधित्व किया और वन आधारित आजीविका विकल्पों पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

कार्यशालाओं/संगोष्ठियों/बैठकों में भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. की ओर से सहभागिता

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट (असम) के डॉ. आर. के. बोरा, वैज्ञानिक-जी और श्री आर. के. कलिता, वैज्ञानिक-एफ ने असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट के विस्तार शिक्षा विभाग में दिनांक 11 दिसम्बर, 2023 को किसानों के सशक्तिकरण और उद्यमिता विकास के लिए एग्रो इको टूरिज्म पर आई.सी.ए.आर. द्वारा प्रायोजित लघु पाठ्यक्रम में क्रमशः अगरवुड और बाँस पर प्रस्तुतियां दीं।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं., जोरहाट के सभी वैज्ञानिक-बी डॉ. राकेश कुमार प्रजापत, सुश्री तारा कुमारी और सुश्री रेखा महतो ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (डीएसटी) विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित तथा इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज, हैदराबाद द्वारा आयोजित दिनांक 11 दिसंबर से 15 दिसंबर, 2023 तक "विज्ञान और प्रौद्योगिकी परियोजनाओं के प्रबंधन" पर एक सप्ताह के राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लिया। पाँच दिनों के कार्यक्रम में परियोजना प्रबंधन, परियोजना वित्त, परियोजनाओं व प्रापण में मानव संसाधन प्रबंधन (एच.आर.एम.) के बारे में अंतर्दृष्टि दी गई।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

कार्यशालाओं/संगोष्ठियों/बैठकों में भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. की ओर से सहभागिता

डॉ. प्रशांत हजारिका, एसीटीओ, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 14 दिसंबर, 2023 को बरपेटा हाई स्कूल, जोरहाट में 'जैव-विविधता संरक्षण के लिए स्थानीय कार्रवाई' विषय पर एक लोकप्रिय व्याख्यान दिया, जो जोरहाट पर्यावरण मंच, जोरहाट और इको क्लब, बरपेटा हाई स्कूल, जोरहाट द्वारा आयोजित किया गया था।

डॉ. आर. के. बोरा, वैज्ञानिक-जी, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 16 दिसंबर, 2023 को यूनिवर्सिटी ऑफ नार्थ बंगाल, दार्जिलिंग में "पर्यावरण, संस्कृति और जातीय विविधता: हिमालय और उप-हिमालयी क्षेत्र के आख्यानों से" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया और "उत्तर पूर्व भारत में आजीविका सशक्तीकरण: **एक्विलारिया मैलाकेंसिस लैम्क**" शीर्षक से एक पेपर प्रस्तुत किया।

डॉ. ध्रुब ज्योति दास, वैज्ञानिक-एफ, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट को सी.एम.पी.डी.आई.,कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा 'आई.ई.एस कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, भोपाल में दिनांक 19 से 20 दिसंबर, 2023 तक आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकथॉन-2023 के तहत कार्यक्रम में 'वन भूमि के डायवर्जन के लिए वृक्ष गणना के लिए इमेज एनालिटिक्स का अनुप्रयोग (1316)' शीर्षक समस्या कथन के मूल्यांकन पर बाह्य न्यायाधीश के रूप में आमंत्रित किया गया था।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 22 और 23 दिसंबर, 2023 को असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट द्वारा आयोजित महिला सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन का थीम: "सतत विकास लक्ष्यों के लिए पादप स्वास्थ्य प्रबंधन में महिला वैज्ञानिक" था।

डॉ. आर. के. बोरा, वैज्ञानिक-जी, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 22 दिसंबर से 23 दिसंबर, 2023 तक काकोजन कॉलेज, जोरहाट द्वारा आयोजित "अंत:विषय अनुसंधान में रसायन विज्ञान की भूमिका" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया और “उत्तर पूर्व भारत में एक्विलारिया मैलाकेंसिस **लैम्क** में कृत्रिम रूप से इनड्यूज्ड अगरवुड से अगर तेल की जैव रासायनिक प्रोफाइलिंग" पर एक आमंत्रित व्याख्यान दिया।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

कार्यशालाओं/संगोष्ठियों/बैठकों में भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. की ओर से सहभागिता

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं., जोरहाट की मुख्य तकनीकी अधिकारी डॉ. निबेदिता बरुआ दत्ता ने दिनांक 22 और 23 दिसंबर, 2023 को काकोजन कॉलेज द्वारा आयोजित "अंतरविषयक अनुसंधान में रसायन विज्ञान की भूमिका पर" विषय के राष्ट्रीय संगोष्ठी में "उत्तर-पूर्व भारत के तीन राज्यों के लित्सिया क्यूबेबा (लूर.) पर्स के एसेंसियल ऑयल की रासायनिक संरचना, एंटीऑक्सीडेंट और सूजन-रोधी गतिविधियों पर एक तुलनात्मक अध्ययन" विषय पर एक मौखिक प्रस्तुति दी।

श्री राजीब कुमार कलिता, वैज्ञानिक-एफ, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 22 दिसंबर, 2023 को राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (एन.ए.एच.ई.पी.) प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के एक भाग के रूप में असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट में "उद्यमिता वेंचर उद्यमों के लिए बाँस की भूमिका" पर एक परस्पर संवादात्मक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 27 दिसंबर, 2023 को भा.वा.अ.शि.प. द्वारा सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से विकसित बाँस की गुणवत्ता रोपण सामग्री (क्यू.पी.एम.) की बड़े पैमाने पर उपलब्धता एवं प्राप्ति पर आभासी बैठक में भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता श्री प्रभात कुमार, अपर सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने की। भा.वा.अ.शि.प. की ओर से डॉ. अजय ठाकुर, वैज्ञानिक-जी और राष्ट्रीय परियोजना समन्वयक, ए.आई.सी.आर.पी. (बाँस) ने वित्त पोषण के लिए उपरोक्त विषय पर परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किया। भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. का प्रतिनिधित्व डॉ. नितिन कुलकर्णी, निदेशक; डॉ. राजीब कुमार बोरा, वैज्ञानिक-जी और समूह समन्वयक अनुसंधान और डॉ. सत्यम बरदलै, वैज्ञानिक-ई और प्रमुख, आनुवंशिकी एवं वृक्ष सुधार प्रभाग ने किया।



डॉ. सत्यम बरदलै, वैज्ञानिक-ई और श्री देबोजीत नियोग, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट के तकनीकी अधिकारी ने बाघजान, तिनसुकिया (असम) में दिनांक 27 से 29 दिसंबर, 2023 तक ऑयल जीविका योजना के तहत स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड, गुवाहाटी द्वारा प्रायोजित संसाधन व्यक्ति के रूप में बाँस की खेती के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

वृक्ष उत्पादक मेला/किसान मेला

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 02 दिसंबर, 2023 को तिंगखोंग, डिब्रूगढ़ में आयोजित असम दिवस समारोह में भाग लिया और संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों का निदर्शन किया। पहले दिन सैकड़ों आगंतुकों ने प्रदर्शनी स्टॉल का दौरा किया। श्री रामेश्वर तेली, माननीय केंद्रीय मंत्री; श्री बिमल बोरा और श्री जोगेन मोहन, माननीय मंत्री, असम सरकार ने भी स्टॉल का दौरा किया। श्री आर. के. कलिता, वैज्ञानिक-एफ; श्री विभूति डेका, एसीटीओ; श्री आर. भट्टाचार्य, एसटीओ, और श्री के. बोरा, एसटीओ ने प्रदर्शनी में भाग लिया।

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 04 दिसंबर, 2023 को असम कृषि विश्वविद्यालय-गन्ना, औषधीय और सुगंधित पौधे अनुसंधान स्टेशन, बुरालिकसन, गोलाघाट, असम द्वारा आयोजित किसान मेले में भाग लिया। प्रदर्शनी स्टॉल पर भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. की अनुसंधान और विकास गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। श्री मृणाल सैकिया, माननीय सदस्य, विधान सभा, खुमताई और एएयू, जोरहाट के अन्य उच्च-स्तरीय अधिकारी सहित सैकड़ों लोगों ने स्टॉल का दौरा किया। श्री देबोजीत नियोग, टीओ और सुश्री काजल गुप्ता, टीए ने प्रदर्शनी में भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. की गतिविधियों के बारे में बताया।

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 22 दिसंबर, 2023 को बहोना बॉयज हाई स्कूल के प्लैटिनम जुबली समारोह में भाग लिया और संस्थान की अनुसंधान और विकास गतिविधियों को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रदर्शनी स्टॉल लगाया। श्री हितेंद्र नाथ गोस्वामी, माननीय विधायक, जोरहाट और श्री राणा गोस्वामी, पूर्व विधायक, जोरहाट सहित सैकड़ों लोगों ने स्टॉल का दौरा किया।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

गणमान्य व्यक्तियों/अतिथियों का दौरा

डॉ. रत्नाकर जौहरी, आईएफएस, डीडीजी, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून ने दिनांक 5 अक्टूबर, 2023 को भा.वा.अ.शि.प.-आजीविका विस्तार केंद्र, अगरतला (भा.वा.अ.शि.प.-आ.वि.कें., अगरतला) का दौरा किया और विभिन्न अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों का निरीक्षण किया। श्री अजय देबबर्मा, वैज्ञानिक-बी और श्री निरेन दास, एसीटीओ ने केंद्र की विभिन्न गतिविधियों पर विस्तृत प्रस्तुतियाँ दीं।

डॉ. सनाबम सुजेन सिंह, विस्तार अधिकारी, भूकंप विज्ञान, एनईसी, शिलांग ने बाँस रोपण स्टॉक के बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट में मौजूदा ऊतक सम्वर्धन प्रयोगशाला के विस्तार पर चल रही परियोजना का निरीक्षण करने के लिए दिनांक 18 अक्टूबर, 2023 को भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया। संस्थान के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी ने डॉ. सिंह का स्वागत किया। डॉ. सत्यम बरदलै, वैज्ञानिक-ई, प्रभागाध्यक्ष, आनुवंशिकी एवं वृक्ष सुधार प्रभाग ने परियोजना की प्रगति पर एक प्रस्तुति दी।

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट को दिनांक 30 अक्टूबर, 2023 को फ्रांस के विभिन्न इत्र उद्योगों के प्रतिनिधियों के एक प्रतिष्ठित विदेशी समूह की मेजबानी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रतिनिधिमंडल, जिसमें सुश्री मगाली क्वेनेट, सुश्री नोरा गैस्पारिनी, सुश्री कैथरीन बेहार, श्री बोस्ट्रोम जीन और सुश्री लिसे ब्रेथस पारनेंटियर हैं, एगरवुड-आधारित इत्र क्षेत्र के आशाजनक भविष्योन्मुख विषय पर व्यावहारिक चर्चा में शामिल होने के लिए भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. की यात्रा की। इस प्रतिष्ठित समूह के साथ गुवाहाटी से अगरवुड-आधारित उद्योगों का प्रतिनिधित्व करने वाले श्री जेम्स तालुकदार, त्रिपुरा से श्री अंगशुमन गुप्ता, और गोलाघाट से श्री मृगांका बोरा उपस्थित थे।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका
खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

गणमान्य व्यक्तियों/अतिथियों का दौरा

श्री आर अरुण कुमार, आईएफएस, सचिव, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् (भा.वा.अ.शि.प.) देहरादून ने दिनांक 25 से 26 नवंबर, 2023 तक भा.वा.अ.शि.प.-आजीविका विस्तार केंद्र (भा.वा.अ.शि.प.-आ.वि.के.), अगरतला का दौरा किया।

श्री आर अरुण कुमार, सचिव, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् (भा.वा.अ.शि.प.) देहरादून ने दिनांक 28 नवंबर, 2023 को भा.वा.अ.शि.प.-बाँस और बेंत केंद्र (भा.वा.अ.शि.प.-बां.बें.कें.), आइजॉल का दौरा किया।

श्री आर. अरुण कुमार, आईएफएस, सचिव, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून ने दिनांक 30 नवंबर, 2023 को भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया और कर्मचारियों के विभिन्न वर्गों के साथ बातचीत की। संस्थान के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी समेत सभी कर्मचारियों ने संस्थान में उनका स्वागत किया। बातचीत के दौरान विभिन्न विषयों पर व्यापक स्तर पर चर्चा हुई।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

गणमान्य व्यक्तियों/अतिथियों का दौरा

श्री जिग्मे थिनली नामग्याल, महावाणिज्यदूत, रॉयल भूटानी वाणिज्य दूतावास(**Mr. Jigme Thynlye Namgyal, Consul General, Royal Bhutanese Consulate**) ने श्री एस.के.ठाकुरिया, डीएफओ, गोलाघाट और श्री बी. बोरा, गोलाघाट के अगरवुड उद्यमी के साथ दिनांक 12 दिसंबर, 2023 को भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट, असम का दौरा किया। डॉ. नितिन कुलकर्णी, निदेशक, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ महावाणिज्यदूत का स्वागत किया, संस्थान में अगरवुड से संबंधित विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की और प्रदर्शन किया। डॉ. आर. के. बोरा, वैज्ञानिक-जी ने अगरवुड पर विभिन्न पहलुओं और हाल की प्रगति पर एक प्रस्तुति दी।

बीएसआई, ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश के वैज्ञानिक डॉ. वी. के. रावत और डॉ. रंजीत दैमारी ने संस्थान के वनस्पति उद्यान के भौतिक सत्यापन के सिलसिले में दिनांक 8 से 9 दिसंबर, 2023 तक भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया। श्री प्रोतुल हजारिका, एसीटीओ, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. ने उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने वनस्पति उद्यान का दौरा किया और भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी के साथ चर्चा की।

डॉ. दिनेश कुमार अग्रवाल, रजिस्ट्रार जनरल और डॉ. रवि प्रकाश, तकनीकी परामर्शदाता (पूर्व रजिस्ट्रार), पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण (पीपीवी और एफआरए), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ने दिनांक 15 दिसंबर, 2023 को भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट, असम का दौरा किया। डॉ. सत्यम बरदलै, वैज्ञानिक-ई और प्रभागाध्यक्ष, आनुवंशिकी एवं वृक्ष सुधार प्रभाग, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने रजिस्ट्रार जनरल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

विशेष दिवस समारोह

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 30 अक्टूबर 2023 से 5 नवंबर, 2023 तक “भ्रष्टाचार का विरोध करे; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें” की थीम पर 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023' मनाया है। निदेशक, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 30 अक्टूबर, 2023 को सभी कर्मचारियों को सतर्कता शपथ दिलाई। कर्मचारियों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करने के लिए कविता, निबंध लेखन, भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

भा.वा.अ.शि.प.-आजीविका विस्तार केंद्र (भा.वा.अ.शि.प.- आ.वि.कें.), अगरतला, त्रिपुरा ने दिनांक 30 अक्टूबर, 2023 से 5 नवंबर, 2023 तक विभिन्न गतिविधियों के साथ 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023' मनाया और 30 अक्टूबर, 2023 को सतर्कता शपथ ली।

भा.वा.अ.शि.प.-बां.बें.कें., आइजॉल, मिजोरम ने दिनांक 30 अक्टूबर, 2023 से 5 नवंबर, 2023 तक विभिन्न गतिविधियों के साथ 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023' मनाया और 30 अक्टूबर, 2023 को सतर्कता शपथ ली।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

विशेष दिवस समारोह

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रीय एकता दिवस-2023 मनाया। निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की प्रतिज्ञा दिलाई। उन्होंने इस अवसर पर भाषण भी दिया और भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संस्थान द्वारा एकता दौड़ का भी आयोजन किया गया।

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., अगरतला, त्रिपुरा और भा.वा.अ.शि.प.-बां.बें.कें., आइजॉल, मिजोरम ने दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस-2023 मनाया।

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने प्रसिद्ध आदिवासी नेता और स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 15 से 26 नवंबर, 2023 तक जन जातीय गौरव दिवस मनाया। संस्थान के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी ने महान नेता के प्रति गहरा आदर व सम्मान व्यक्त किया और पुष्पांजलि अर्पित की। भा.वा.अ.शि.प.-आ.वि.कें., अगरतला और भा.वा.अ.शि.प.-बाँस एवं बेंत केंद्र, आइजॉल, मिजोरम ने भी जन जातीय गौरव दिवस मनाया।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

विशेष दिवस समारोह

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 के दिन अपनाने के उपलक्ष्य में दिनांक 26 नवंबर, 2023 को अपने परिसर में 'संविधान दिवस' मनाया। संस्थान के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी ने पवित्र दीप प्रज्ज्वलन के साथ उत्सव की शुरुआत की और भारत के संविधान के निर्माता डॉ. बी. आर. अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने इस अवसर पर भाषण दिया और हमारे संविधान की प्रारूपण समिति के सभी सदस्यों के अपार योगदान को याद किया। उन्होंने अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी में भी भारतीय संविधान की उद्देशिका पढ़ी।

महान उद्धरण

“आज हिमालय तुम्हें बुला रहा है। उठो मेरे बेटे, मेरी नीलामी मत होने देना। मुझे कत्लेआम से बचाएं।”

- सुंदरलाल बहुगुणा

"हमारे बच्चों को प्रकृति से प्यार करना सिखाएं और बाकी सब अपने आप हो जाएगा।"

- जादव पायेंग

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका
खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

सांस्कृतिक कार्यक्रम

भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के हिस्से के रूप में पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति पर प्रकाश डालने वाली असाधारण सांस्कृतिक कार्यक्रम भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा आयोजित दिनांक 29 दिसंबर, 2023 की एक शानदार सफलता थी। पारंपरिक कलाओं, संगीत, पाक व्यंजनों और परस्पर संवादात्मक अनुभवों के जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से, इस कार्यक्रम ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और पूर्वोत्तर राज्यों को बनाने वाली समृद्ध टेपेस्ट्री की अधिक समझ को बढ़ावा देने के अपने लक्ष्य को हासिल किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बाँस निर्मित वाद्ययंत्रों की अहम भूमिका रही।

भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

मिशन लाइफ के अंतर्गत स्वच्छता अभियान 3.0

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट और इसके केंद्रों भा.वा.अ.शि.प.-आ.वि.कें., अगरतला, त्रिपुरा और भा.वा.अ.शि.प.- बां.बें.कें., आइजॉल, मिजोरम ने मिशन लाइफ के तहत स्वच्छता अभियान 3.0 के तहत पूरी अवधि के दौरान परिसर में सफाई अभियान चलाया।





भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका
खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

नूतन प्रकाशन

Hazarika, P., Kumar, A and Das, D.J.(2023). Evaluating pre-sowing seed treatment on the germination of important forest fruit plant species, Crop Res.58 (5 & 6): 251-259. DOI: 10.31830/2454-1761.2023.CR-901



Bhuyan, M., Sharma, S., Dutta, N.B., and Baishya, G. (2023). tert-Butylhydroperoxide mediated radical cyanoalkylation/cyanoalkenylation of 2-anilino-1,4-naphthoquinones with vinylarenes/arylalkynes and azobis (alkylcarbonitrile) s. Org. Biomol. Chem., 21, 9255-9269. [IF 3.89 (Thompson Reuters)].



Shera, P.S., Sharma, S., Karmakar, P. and Singh, S. (2023). Encyrtid Parasitoids. In: Parasitoids in Pest Management (Omkar, ed.), Vol.1, CRC Press, Taylor and Francis Group, United States.



Gogoi, Girish & Rajesh, K. (2023). A new distribution record of the macrofungus *Galiella rufa* from Assam. Funguy# 5, In: Zoo's Print 38 (10): 27.

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. रिपोर्ट

परामर्शी परियोजना के तहत भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. द्वारा प्रकाशित खान सॉमिल की कार्बन फुटप्रिंट रिपोर्ट। रिपोर्ट का उद्देश्य असम काष्ठ आधारित उद्योग (संवर्धन और विकास) नियम, 2022 के अनुसार आरा मशीन के लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए डीपीआर तैयार करने की आवश्यकता को पूरा करना था।



भा.वा.अ.शि.प.- व.व.अ.सं. संवाद पत्रिका

खंड-1 अंक-1 (अक्टूबर-दिसंबर, 2023)

समाचार में भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं.

October 07,202

85 years of service to the nation

The Assam Tribune

PUBLISHED SIMULTANEOUSLY FROM GUWAHATI & DIBRUGARH

GUWAHATI, SATURDAY, OCTOBER

Workshop on impact of FCA amendments held at RFRI, Jorhat

STAFF CORRESPONDENT

JORHAT, Oct 6: The ICFRE-Rain Forest Research Institute (RFRI), Jorhat, at Sotai has organised a workshop through hybrid mode on the topic 'Impact of FCA Amendments on Development of North East and Peoples' Right'.

An RFRI official informed that the workshop, sponsored by the Union Ministry of Environment, Forest and Climate Change, was inaugurated by Rajya Sabha MP Kamakhya Prasad Tasa.

Tasa, in his inaugural address, laid emphasis on protecting natural flora and fauna of the region, and expressed concern over issues like deforestation, global warming, natural disasters, etc.

He also spoke about the impact of global warming and decrease in forest cover on human life and environment.

The MP hoped that the latest amendments to the Forest (Conservation) Act (FCA) will have a positive impact on the lives of the people of the region and open new avenues for employment generation through ecotourism, plantation forestry, agroforestry, etc.

Deputy Director General, ICFRE, Dehradun, Kanchan Devi, who joined virtually from Dehradun as the guest of honour of the inaugural session, highlighted the efforts of the Government of India for forest conservation with respect to carbon neutrality, plantation in non-forest areas, improvement in forest productivity and soil health for better forest management.

Earlier, the ICFRE-RFRI, Jorhat Director Dr Nitin Kulkarni, welcomed the dignitaries and participants. The inaugural session was physically attended by RFRI scientists and officers, working plan officers of Jorhat and Karbi Anglong, NGO members, political and social workers.

There were altogether four presentations in the workshop, which was attended by around 100 participants from across the country. Delivering the concluding remarks, Dr Nitin Kulkarni stated that the amendments and guidelines made in the FCA, 2023 will address the problems faced by the forest department and people in the region.

Rajib Kumar Kalita, Head, Extension Division, ICFRE-RFRI, Jorhat, offered the vote of thanks.

October 07, 2023

WINDOW TO THE EAST

EasternChronicle

PUBLISHED SIMULTANEOUSLY FROM GUWAHATI KOLKATA SILCHAR

SATURDAY, OCTOBER 7, 2023

Page-05

Workshop on Impact of FCA Amendments on Development of North East and Peoples' Right held

Chronicle News Service

Jorhat: ICFRE-Rain Forest Research Institute, Jorhat (Assam) has organized a workshop on the Impact of FCA Amendments on the Development of the North East and Peoples' Rights held on 6th October 2023 through Hybrid Mode. The workshop was inaugurated by Kamakhya Prasad Tasa, Member of Parliament (Rajya Sabha), Assam physically in Inaugural Session at the Institute. Kanchan Devi, IFS, Deputy Director General, ICFRE, Dehradun who joined virtually from Dehradun as Guest of Honour addressed the inaugural session and highlighted the efforts of the Government of India on forest conservation with respect to carbon neutrality, plantation in non-forest areas, improvement in forest productivity and soil health for better forest management.

At the outset, Dr Nitin Kulkarni, Director, ICFRE-RFRI, Jorhat welcomed all the dignitaries and participants present physically as well as in virtual mode. In his inaugural address, Tasa put emphasis on protecting the natural flora and fauna of the region. He also expressed his concern on the different important issues like deforestation, global warming, natural disasters, etc, and discussed on the impact of global warming and the decrease in forest cover in human life and the environment. He raised his concern about the decline in forest areas in the Northeast and emphasized on agro-forestry and proper monitoring of plantations done in any Afforestation program. He expected that the latest Amendments of this Act would have a positive impact on the lives of the people of the region and open new avenues for employment generation through ecotourism, plantation forestry, Agroforestry, etc.

